दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 94 मुरादाबाद, 23 July 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में


## सीएम योगी बोले- जल्द गठित होगा शुकतीर्थ विकास परिषद, 'पिछलों सरकारों में चोरी होते थे किसानों के इंजन'

सीएम योगी शुकतीर्थ पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने जिले को 244 करोड़ रुपये की सौगात दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिजनौर के बाद मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ पहुंचे हैं। सीएम योगी अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा के बाद सभास्थल पर पहुंचे। इस दौरान सीएम योगी ने जिले में 244 करोड़ रुपये की 77 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम योगी ने तीर्थ में गंगा का पानी लाने की योजना का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इस दौरान वीडियो के जरिए ले-आउट का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री मंच पर पहुंच गए।




### जल्द गठित होगा शुकतीर्थ विकास परिषद- योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जल्द ही शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन होगा। तीर्थ विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। 2014 से पहले की सरकारों ने विकास पर ध्यान नहीं दिया। पहले की सरकारों ने आस्था का सम्मान नहीं किया। पलायन हो रहे थे और किसानों का भी सम्मान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है, विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले रसातल में भेज दिए जाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि विकास परिषद के गठन से तीर्थ क्षेत्र में विकास होगा। इस पर कार्य अंतिम चरण में चल रहा है

और जल्दी घोषणा की जाएगी। भाजपा सरकार ने तीर्थ में गंगा का पानी लाने की पुरानी घोषणा को पूरा कर दिया है। जनप्रतिनिधियों की ओर से प्रस्तावित 244 करोड़ की 77 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की चिंता करने वालों की सरकार में किसान सुरक्षित नहीं थे। जंगल से किसानों के इंजन चोरी कर दिए जाते थे। लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार सर्व समाज को साथ लेकर चल रही है। सीएम ने प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फलदार पौधे लगाने का मतलब मां के ऋण से उऋण होने जैसा है। प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाएं। 100 साल पुराने पौधों को विरासत वृक्ष के रूप में सहेजने का काम करें। सीएम योगी और मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुकतीर्थ के स्वामी कल्याण देव हेलीपैड पर उतरे। इस दौरान भाजपा नेता और तीर्थ के संत ने उनका अभिनंदन किया। शुकदेव परिसर में पंचवटी वाटिका में पांच पौधों का रोपण कर मुख्यमंत्री सीधे शुकदेव आश्रम पहुंचे। इसके बाद ब्रह्मलीन संत के समाधि मंदिर पर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर अक्षय वट की परिक्रमा और शुकदेव मंदिर में पूजन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के लिए भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में तीर्थ जीर्णोद्धारक, शिक्षा ऋषि वीतराग स्वामी कल्याणदेव के समाधि मंदिर को फूलों से सजाया गया था।

## PM मोदी कर्नाटक और राजस्थान का दौरा कर सकते हैं, लेकिन मणिपुर का नहीं गहलोत ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना




राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जिस तरह से पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ के सीएम को राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति का ध्यान रखना चाहिए उससे राजस्थान की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पहली बार देखा है कि कोई प्रधानमंत्री चुनाव के लिए कर्नाटक राजस्थान और अन्य जगहों का दौरा कर रहे हैं लेकिन मणिपुर का नहीं।जयपुर, एएनआई। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संसद के मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने अपने बयान से राजस्थान की भावनाओं को आहत किया। पीएम मोदी की विफलताओं से दुखी है जनता गहलोत ने कहा कि कहा कि जिस तरह से पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ के सीएम को राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति का ध्यान रखना चाहिए, उससे राजस्थान की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि जनता प्रधानमंत्री की विफलताओं से दुखी है। पीएम मोदी को मणिपुर पर बुलानी चाहिए थी बैठकअशोक गहलोत ने कहा कि अगर पीएम मोदी मणिपुर नहीं जा सकते तो उन्हें एक बैठक बुलानी चाहिए थी और मणिपुर के हालात की समीक्षा करनी चाहिए थी। मैंने पहली बार देखा है कि कोई प्रधानमंत्री चुनाव के लिए कर्नाटक, राजस्थान और अन्य जगहों का दौरा कर रहे हैं, लेकिन मणिपुर का नहीं।अगर मणिपुर में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या होता राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर में भाजपा की सरकार है। सोचिए अगर कांग्रेस वहां सत्ता में होती तो वे क्या-क्या कहते।गुढ़ा को बर्खास्त करना पार्टी का अंदरूनी मामला राजेंद्र सिंह गुढ़ा को मंत्री पद से बर्खास्त किए जाने के सवाल पर अशोक गहलोत ने कहा कि यह हमारी पार्टी का अंदरूनी मामला है। इस पर हम अपने हिसाब से चर्चा करते हैं।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने परिवार संग PM मोदी से की मुलाकात, बारिश सहित कई मुद्दों पर चर्चा

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात की तस्वीर में एकनाथ शिंदे के साथ ही उनके पिता संभाजी शिंदे पत्नी लता शिंदे बेटा श्रीकांत शिंदे बहू रुषाली शिंदे और पोता रुद्राक्ष शिंदे मौजूद हैं। इस दौरान बारिश और इरशालवाड़ी की घटना सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री शिंदे का परिवार भी उनके साथ मौजूद रहा। इस मुलाकात की तस्वीरें



सामने आई हैं।प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात की तस्वीर में एकनाथ शिंदे के साथ ही उनके पिता संभाजी शिंदे, पत्नी लता शिंदे, बेटा श्रीकांत शिंदे, बहू रुषाली शिंदे और पोता रुद्राक्ष शिंदे मौजूद हैं। इस मुलाकात के बाद एकनाथ शिंदे की प्रतिक्रिया भी सामने आई।क्या कुछ बोले मुख्यमंत्री शिंदे?-मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा,आज मेरी प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात हुई है। इस दौरान मेरा पूरा परिवार मेरे साथ था। प्रधानमंत्री ने इस समीक्षा बैठक में बहुत समय दिया, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान राज्य में शुरू हुई प्रकल्प ( परियोजनाओं ) पर बात हुई। इसके अलावा बारिश और इरशालवाड़ी की घटना समेत कई बातों पर चर्चा हुई।महाराष्ट्र में बारिश का कोहराम- मुंबई के अलावा राज्य के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश हुई, जिसकी वजह से निचले इलाके जलमग्न हो गए और लोकल ट्रेनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। हाल ही में मुख्यमंत्री शिंदे ने मुंबई और पड़ोसी क्षेत्र में स्थित सरकारी दफ्तरों को जल्दी बंद करने का निर्देश दिया था ताकि कर्मचारियों और अधिकारियों को घर पहुंचने में अतरिक्त समय मिल सके। नांदेड़ में बाढ़ जैसे हालात- नांदेड़ जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। इसी वजह से बिलोली तहसील के 12 गांवों से एक हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

## भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 26 हुई, सर्च ऑपरेशन जारी; यवतमाल में दीवार गिरने से दो की मौत

अधिकारियों ने बताया कि इस आपदा में एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ( एनडीआरएफ ) और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा खोज और बचाव अभियान शनिवार सुबह तीसरे दिन फिर से शुरू किया गया। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में खोज और बचाव अभियान शनिवार को तीसरे दिन भी जारी है। यहां भारी भूस्खलन की वजह मरने वालों की संख्या शनिवार को 26 तक पहुंच गई, जबकि 82 ग्रामीणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और उनके लिए खोज एवं बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुंबई से लगभग 80 किमी दूर स्थित खालापुर तहसील के अंतर्गत एक पहाड़ी ढलान पर स्थित आदिवासी गांव में बुधवार रात को भूस्खलन हुआ था।यवतमाल में लगातार बारिश के कारण गंभीर जलजमाव वहीं, महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के यवतमाल में



लगातार बारिश के कारण गंभीर जलजमाव हो गया है। क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण यवतमाल में घर और सड़कें पानी में डूब गई हैं। नागपुर के रक्षा प्रवक्ता विंग कमांडर रत्नाकर सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की मांग के आधार पर यवतमाल जिले में बाढ़ के कारण फंसे 40 लोगों को निकालने के लिए नागपुर से एक एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर भेजा जा रहा है। यवतमाल के जिलाधिकारी अमोल येदगे ने कहा कि यवतमाल के महागांव में बाढ़ में फंसे लोगों को वायुसेना के हेलीकॉप्टर से निकाला जाएगा। मौसम में सुधार के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। यवतमाल जिले में एक घर की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। एसडीआरएफ द्वारा पांच अलग-अलग स्थानों पर बचाव अभियान जारी है। एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव से खोज और बचाव दल ने शनिवार को मलबे से चार और शव बरामद किए। जिसके बाद भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा मोचनबल ( एनडीआरएफ ) के अधिकारी ने कहा, दिन के दौरान तीन महिलाओं और एक पुरुष के शव बरामद किए गए। शनिवार सुबह तीसरे दिन फिर से शुरू किया गया।

## सपा ने साधा राजभर पर निशाना, कहा- ओमप्रकाश ने राजभर समाज के पीठ में छुरा भोका

उत्तर प्रदेश में राजनीतिक वार-पलटवार का दौर जारी है। ओमप्रकाश राजभर के एनडीए में शामिल होते ही राजनीतिक गलियारे में वार-पलटवार तेज हो गया है। अब समाजवादी पार्टी ने ओमप्रकाश राजभर पर निशान साधा। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए समाजवादी पार्टी ने उन्हें राजभर समाज के पीठ में छुरा भोंकने वाला बताया। सपा ने कहा कि पिछड़ों की रक्षा सिर्फ सपा ही कर सकती है। इन दिनों उत्तर प्रदेश का सियासी पारा गरमाया हुआ है। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के एनडीए में शामिल होने के बाद से ही चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसी बीच समाजवादी पार्टी ने ओमप्रकाश राजभर को पीठ में छुरा घोंपने वाला बता दिया। सिविल लाइन स्थित सपा के पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक में भाजपा सरकार के खिलाफ वक्ता मुखर रहे तो आने वाले समय को सपा का बताया।सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए समाजवादी पार्टी ने उन्हें राजभर समाज के पीठ में छुरा भोंकने वाला बताया। नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गुलाब राजभर व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सोमनाथ राजभर का स्वागत किया गया। दोनों नेताओं ने कहा कि सपा ही पिछड़ों के हितों की रक्षा कर सकती है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में राजभर समाज उपेक्षा का शिकार हुआ है। थानों, तहसील व अन्य सरकारी दफ्तरों में घोर भ्रष्टाचार व्याप्त है। बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं होता।

### ओमप्रकाश राजभर जनता को धोखा दे रहे

सोमनाथ राजभर ने आरोप लगाया कि भाजपा पिछड़ों को हमेशा वोट के समय में इस्तेमाल कर कार्य सवर्णों का करती है। आरक्षण को खत्म करने का काम कर रही है। अब सपा ही पिछड़ों की रक्षा कर सकती है। सदस्य राष्ट्रीय कार्यसमिति डा. रामदुलार राजभर ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर आम जनता को धोखा दे रहे हैं। विधायक बेचई सरोज ने आरोप मढ़ा कि भाजपा गरीबों, पिछड़ों दलितों एवं अल्पसंख्यकों का शोषण कर रही है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि भाजपा में धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्रीयता के नाम पर लोगों के बीच में नफरत का बीज बोकर लड़ाने का कार्य कर रही है।

### महिलाओं की सरेआम इज्जत लूटी जा रही

निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि महिलाओं की सरेआम इज्जत लूटी जा रही है। मणिपुर की घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, डा. हरिराम सिंह यादव, राज नारायन यादव, प्रवक्ता अशोक कुमार यादव, अजीत कुमार राव, प्रदीप यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, अरविंद सरोज आदि रहे।

संपादकीय Editorial

# Dismemberment of Manipur

In Dwapar Yuga, Draupadi, the wife of the Pandavas, could not be dismembered, because Shri Krishna had saved her from being insulted by his illusion, but no 'Krishna' could be made in Manipur of Kali Yuga, as a result, 3 women were paraded naked in public and a 21-year-old girl was gang-raped. This is a hallmark of the thinking of a state of new India...! This heinous act and heinous criminal incident happened on 4th May and we are analyzing on 21st July, because even the Prime Minister of the country was not aware of this shameful, inhuman, obscene incident. It is clear from his statement that this incident has left him pained and angry. However, we are not ready to believe that the Prime Minister would not be aware of such an incident. More or less BJP Chief Minister N. Biren Singh must have briefed! Were the heads of intelligence agencies who regularly brief the Prime Minister not aware of such a dreadful incident?

Then what is the intelligence system doing in a troubled and violence-ridden state like Manipur? The Governor of Manipur is also a woman and a representative of the Centre. Didn't the inkling of such a mob reach even them, because such brutal treatment of women was done 40-45 kilometers away from Imphal, the capital of the state? The culmination of inaction is that the incident took place on May 4, but zero FIR was registered on May 18 and then regular FIR was registered on June 21, but silence continued till July 19. The Chief Minister clarifies that 100 such cases have happened in Manipur, that's why the internet had to be shut down. Don't talk about a single case, look at the ground reality. However, when this video came to the fore through Twitter, not only the brutality and brutality got exposed, everything got exposed. We are thankful that this obscene video came to the notice of the Chief Justice of the country Justice Chandrachud and he considered it a violation of constitutional, human rights. He was also infuriated because such 'monstrous acts' are not acceptable in a democratic country. The global prestige of the country has become naked. Our civilization, humanity, security forces, police and the population of that area also became naked.

The women kept on crying and pleading, but the entire area remained mute spectators. The respect and dignity of the woman was destroyed. Only the faces of the crowd who had committed this heinous crime kept smiling like demons. Of course, Prime Minister Modi has given a statement that he will not spare the culprits, after that a total of 4 criminals including the main accused have been arrested. The Chief Minister has assured to get the criminals hanged, but the trust on the Chief Minister has been broken. After 78 days, this shocking and horrifying truth of Manipur has come to the fore through a video. Whose basic responsibility is it? The Prime Minister and the Home Minister should brainstorm on this. Admit it or not, but the Chief Minister of his double engine government in Manipur has failed, failed and been incompetent in handling the state.

If he is not replaced, Manipur will become a national issue and a lot can slip out of the hands of those in power. The manner in which women's dignity was stripped naked is more horrifying than the Meitei-Kuki caste conflict. Actually it has religion and caste reservation in its womb. The cycle of violence, arson and looting that has been going on for the last 80 days cannot be retaliated by making women naked in public. There should be a churn on the reservation policy.

# Analysis: Poverty alleviation achievement and reason for India's praise from UNDP

According to the UNDP report, between the years 2015-16 to 2019-21, the number of poor in India declined by 38 percent. What was so special during this period that there was an unprecedented speed in reducing poverty, due to which UNDP had to praise India! Recently, in the Multidimensional Poverty Index, 2023 report published by the United Nations Development Program (UNDP), India has been praised for performing better than other countries in poverty alleviation. In 2015, SDG 1 of the Sustainable Development Goals (SDGs) expected the world to end all forms of poverty by 2030. The report for the year 2023 expressed satisfaction that significant progress has been made globally towards this goal. Internationally, the UNDP uses a definition of poverty called multidimensional poverty. This definition is the same for all countries. A uniform assessment of poverty is not possible due to the different definitions of poverty used by the governments of different countries of the world. Due to this it also becomes difficult to make comparisons between different countries of the world. The UNDP's multidimensional poverty measure includes several elements that are common across countries. This includes nutrition, child mortality, years of schooling, school attendance, cooking fuel, sanitation, drinking water, electricity, housing and assets. Multidimensional poverty has been estimated in different years based on the availability of data in different countries. Therefore, a comparative study of poverty in different countries in any one year is not possible with UNDP data. The preliminary data available with UNDP for different countries is from 2005-06 to 2019-21. Therefore, it is not possible to ascertain from the data published in the report how much and when poverty has reduced comparatively in all the countries of the world during a given period. For India, the UNDP data details three years, 2005-06, 2015-16 and 2019-21. According to this data, in the year 2005-06 in India, 55.1 percent of the population i.e. 645 million people were suffering from multidimensional poverty. After 10 years, in the year 2015-16, this figure was reduced to 27.7 percent i.e. 37 crores. During these 10 years, the rate of reduction in poverty percentage was 6.6 percent per annum. But in the period 2015-16 to 2019-21, the proportion of poor suffering from multidimensional poverty decreased to only 16.4 per cent of the population; And the number of poor came down to 23 crores. That is, in just five years, 140 million people came out of poverty and the pace of poverty reduction increased to more than 10 percent annually. It is important to point out that the number of poor fell by 38 per cent in the five years between 2015-16 and 2019-21, including the worst pandemic in over a year. In such a situation, it would be necessary to understand that what was so special during this period that there was an unprecedented speed in reducing poverty, due to which UNDP had to praise India! This is not only good news for India, but also important news and lesson for the world. The preliminary data on multidimensional poverty published by UNDP are for different years. Of the 150.8 million poor people in the 81 countries assessed by UNDP (for which the agency has published data), 645 million people (in 2005-06) were from India. That is, more than 42.8 percent of the poor of these 81 countries lived in India. But the latest figures of UNDP show that the total number of poor in these 81 countries of the world has now come down to 974 million, but the remarkable and interesting fact is that India's contribution to this number is only 230 million. That is, now only 23.7 percent of the poor people of these 81 countries come from India. It also means that the contribution of some other countries to the number of people living in multidimensional poverty is higher than before. Not only this, while the combined Multidimensional Poverty Index of 81 countries has now come down from 0.275 to 0.203, India's index has come down from 0.283 in 2005-06 to 0.122 in 2015-16 and only 0.069 in 2019-21, which is a great achievement. It is a matter of pride for India. The world needs to take a lesson from this that it should also accelerate efforts to remove multidimensional poverty on the lines of India. The Narendra Modi government paid special attention to the determinants of multidimensional poverty. Today the child mortality rate in India has come down to just 1.5 per cent, which was 2.2 per cent in 2015-16. There has also been a drastic improvement in the percentage of undernourished and undernourished children, which has come down from 44.3 per cent in 2005-06 to 21.1 per cent in 2015-16 and 11.8 per cent in 2019-21. Talking about housing, in the last eight years, about three crore houses, both urban and rural, have been built under the Pradhan Mantri Awas Yojana, on which assistance of five lakh crore rupees (about $ 60 billion) has been given by the Center. Due to Corona, the target of pucca housing for all could not be completed on time, but till now only a few lakh people are left, who do not have a pucca house. According to UNDP, in the year 2015-16, 23.5 percent of the total population was deprived of pucca and comfortable houses and only 13.6 percent in 2019-21. Har Ghar Nal Se Jal, another ambitious scheme of the Modi government, has also made rapid progress, and according to UNDP, only 2.7 per cent of the population was deprived of safe drinking water in 2019-21. Talking about cleanliness, 11 crore toilets have been constructed in the last eight years. 'Prime Minister Ujjwala Yojana' Under this, 9.59 crore free gas connections were given to poor women till March, 2023, while there were a total of 31.26 crore LPG gas connections in the country. There is now a very small percentage of our population left who do not have access to clean cooking fuel in the form of LPG gas connections. And the government claims that electricity has reached 100 percent of the country's villages. This is a lesson for the world. Multidimensional poverty can also be removed. This requires political will and efforts.

# President's rule in Manipur is the need of the hour.

Today the government is appealing not to share the video of the incident on social media. But can the government answer that if the power of social media was not there, would the Prime Minister have come forward to give a statement today? Would the Supreme Court have been able to know the seriousness of this matter? Would the whole country know how dire the situation in Manipur is? The shameful and brutal incident with women in Manipur has made it clear that the state government there has completely failed. It is the power of social media that today the Prime Minister had to be embarrassed on Manipur and had to make a statement before the monsoon session of the Rajya Sabha. He also assured that whoever is guilty will not be spared under any circumstances. Who are the culprits? How will their guilt be fixed? What punishment will they get? Only the time to come will tell. For the time being, can't the government impose President's Rule in Manipur to save it? The Biren government of Manipur has proved to be a complete failure in fulfilling its obligations. In such a situation, the President's rule is the only way to instill confidence in the people there. The question that is being raised is that the incident which moved the Prime Minister, the shameful incident which put even the Supreme Court in a quandary, had the Manipur government kept that incident under wraps till now? This question is imperative because the incident is of May 4. Its FIR is also registered about two weeks after the incident. In that FIR, the whole incident has been told in detail. In such a situation, it is not at all possible that the state government along with the police and administration there is not aware of the entire incident. Today the government is appealing not to share the video of the incident on social media. But can the government answer that if the power of social media was not there, would the Prime Minister have come forward to give a statement today? Would the Supreme Court have been able to know the seriousness of this matter? Would the whole country know how dire the situation in Manipur is? The simple answer is - no. As soon as the violence started in Manipur, the state government had suspended internet service in the state. In such a situation, there is a lot that is buried in the pit of time. In the coming time, as soon as the people of that place come out, internet facility will be available, there is a possibility of many more horrifying videos coming to the fore. Things are not normal there yet. The news of violence is continuously coming to the fore. In such a situation, it is reasonable to question the functioning of the state government. Is it enough? - After the video went viral, the Chief Minister of the state N. Biren Singh is giving a statement that my sympathies are with the victimized women. Acting swiftly, the police arrested an accused on Thursday. They are giving statements as if they have done a big job by arresting a person. The question should be asked as to what the government machinery was doing for so many days. Was the video waiting to go viral? Or was it waiting for the fact that we will arrest when the whole country sees itself being ashamed? -re of this heart-wrenching incident or not? If it was, then why was it not told to the central government. The Home Minister is continuously holding meetings on the Manipur issue, so was the Home Ministry also kept away from reality? Now that everything is in front. The whole country is watching what could be worse than the worst in Manipur. The central government should take more stringent steps. The Biren government of the state, its police and administrative staff have been facing allegations that most of the people come from the Meitei community, that is why the government has given them a free hand. These allegations seem to be reality now as the women with whom this incident happened belong to the Kuki community. He was paraded naked after being released from police custody. An FIR is also registered in this matter. According to the FIR, the incident took place on May 4 in Meitei-dominated Thoubal district with women belonging to the Kuki-Jomi community. It is only 35 kilometers away from the capital Imphal. Manipur police registered an FIR in Kangpokpi district on 18 May based on the statements of the women. After this the matter was sent to the concerned police station. Only two women are visible in the video, while the victims have told that a 50-year-old woman was also ripped apart. Out of the two women seen in the video, the age of one is said to be around 20 years and the age of the other woman is said to be 40 years. The victims have told that on May 3, about one thousand people armed with modern weapons attacked their village. The houses were set on fire. The two women and the young woman ran towards the woods with their father and brother. The police also succeeded in saving these women. The police was taking these people to the police station, but two kilometers before the police station, the mob stopped them. After this the protesters snatched these women from the police. The young woman's father was killed on the spot. The women were forced to walk naked by the mob and the young woman was publicly gang-raped. According to the FIR, when the woman's 19-year-old brother tried to save her, he too was killed. This is just an FIR. Don't know how many FIRs and stories of brutality will be buried now. Be it Kuki community or Meitei community. The fire is burning equally on both sides. The chasm of animosity has become so big that it will take years to fill it. what the height of cruelty

# खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम में जिम की सुविधा जल्द, स्मार्ट सिटी के तहत हुआ जीर्णोद्धार

## निरीक्षण के बाद विभाग को मिलेगी जिम्मेदारी




मुरादाबाद- सोनकपुर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। स्टेडियम में जिम तैयार हो गया है। इसमें खिलाड़ियों को जाने का जल्द मौका मिलेगा। इससे पहले खिलाड़ी स्टेडियम के बाहर जिम में जाते थे। अब सोनकपुर स्टेडियम में संचालित होने वाले जिम का जीर्णोद्धार हो चुका है। सोनकपुर स्टेडियम में जर्जर हालात में जिम होने की वजह से स्मार्ट सिटी के तहत जीर्णोद्धार कार्य चल रहा था। ऐसे में यहां आने वाले 50 से अधिक लोगों को बाहर जिम में जाकर फिटनेस पर ध्यान देना शुरू किया। उम्मीद थी कि मई में जीर्णोद्धार पूरा हो जाएगा। लेकिन, अब तक जिम स्मार्ट सिटी की ओर से जिम खेल विभाग को हैंडओवर नहीं हो सका है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो जिम अब तैयार है, लेकिन स्मार्ट सिटी की टीम द्वारा इसका निरीक्षण करने के बाद ही इसे विभाग को सुपुर्द किया जाएगा। भास्कर, कनिष्क, अनिकेत ने बताया कि पहले स्टेडियम में आकर प्रशिक्षण लो और फिर बाहर जिम में जाकर फिटनेस की तैयारी करो। इससे समय बहुत बर्बाद होता है। स्टेडियम में जिम हो जाने से परेशान नहीं होना पड़ेगा। इससे खिलाड़ियों को जिम में अधिक समय बिताने का मौका भी मिलेगा। साथ ही खिलाड़ियों के खेल में भी सुधार आएगा। जिम का जीर्णोद्धार हो गया है। नियमानुसार जब स्मार्ट सिटी की ओर से पहले निरीक्षण होगा, अगर उसमें को कमी नजर आती है या सबकुछ ठीक लगता है। तब जिम की जिम्मेदारी विभाग को सौंपी जाएगी। उम्मीद है बहुत जल्द स्मार्ट सिटी हमें जिम सौंप देगा। -प्रेम कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी

### स्टेडियम में छात्रावास का निर्माण शुरू

मुरादाबाद। सोनकपुर स्टेडियम में 30 खिलाड़ियों की क्षमता वाले छात्रावास की निर्माण शुरू हो गया है। इससे खिलाड़ियों के करियर को पंख लगेंगे। तीन माह से टेंडर प्रक्रिया पूरी न होने की वजह से छात्रावास का निर्माण रुका हुआ था। लेकिन, अब इसमें तेजी से काम कराया जाएगा। शासन की ओर से खेल जगत में खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में अब मुरादाबाद को भी छात्रावास की सौगात मिल गई है। पांच करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से छात्रावास का निमार्ण होना है। इसके बाद यहां भी खिलाड़ियों को छात्रावास की सुविधा मिलेगी और खिलाड़ियों के करियर को नए पंख मिलेंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि निर्माण के लिए मार्च में ही पहली किस्त के रूप में शासन की ओर से 86 लाख रुपये मिल गए थे। छात्रावास के लिए निविदा प्रकिया पूरी हो चुकी है। पेक्सफार्ड एजेंसी को निर्माण का ठेका दिया गया है। स्टेडियम में बालक और बालिका दो छात्रावास तैयार किए जाने हैं। 30 खिलाड़ियों की क्षमता का छात्रावास होगा। छात्रावास में 15 कक्ष तैयार होंगे, जिसमें एक कक्ष में दो खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा एक कक्ष वार्डन के लिए तैयार किया जाएगा। छात्रावास बनने से खिलाड़ियों में भी खुशी देखने को मिल रही है। सोनिया, अभिषेक, आबदूल, सचिन ने बताया कि पहले बाहर के खिलाड़ियों को यहां अभ्यास करने के लिए बाहर रहना पड़ता था। जिसमें खिलाड़ियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब यहां बनने से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए ज्यादा समय मिलेगा। साथ ही आर्थिक परेशानी भी दूर होगी।

# वृक्षारोपण जीवन के लिए एवं आने वाली पीढियों के जीवन को सुरक्षित रखने महत्वपूर्ण- मा0 मंत्री



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -श्री जितिन प्रसाद मा0 मंत्री लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 ने आज वृक्षारोपण महाभियान 2023 तत्वाधान में सेक्टर 16बी न्यू मुरादाबाद में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवहन विभाग उ0प्र0 द्वारा आयोजित किए जाने वाले वन महोत्सव के अन्तर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में पहुंचकर वृक्षारोपण किया। मा0 लोक निर्माण मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण हमारे जीवन के लिए बहुत महत्व रखता है, यह सांकेतिक व्यवस्था नहीं है बल्कि मुख्यमंत्री जी द्वारा ग्रीन यूपी बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हमारी आपकी जिम्मेदारी है कि पर्यावरण को शुद्ध एवं सुरक्षित रखें आज के दौर में हर क्षेत्र में वृद्धि हो रही है, वृक्ष भी काटे जा रहे हैं उसकी भरपाई करने हेतु वृक्षारोपण का कार्य जरुरी है। उन्होंने बताया कि आक्सीजन की महत्ता कोरोना काल में आयी जब आक्सीजन की उपलब्धता आसानी से नही हो रही थी। उन्होंने वृक्षों से मिलने वाली आक्सीजन की उपयोगिता के बारे में बताया कि एक दिन में 21 हजार बार सांस लेते हैं एक वैज्ञानिक ने आक्सीजन की कीमत निकाली तो एक रुपया एक सांस पर व्यय आया, किन्तु पर्यावरण हमें बिना किसी खर्च के स्वच्छ वायु प्रदान कर रहा है इसलिए भारी संख्या में वृक्षारोपण करें। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण कर आने वाली पीढियों के जीवन को सुरक्षित रखने महत्वपूर्ण योगदान दें तथा आज उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में उत्तम प्रदेश बन रहा है। वृक्षारोपण के इस संदेश को आम जन तक पहुंचायें शासकीय योजनाएं तभी सफल होंगी जब उनमें जन भागीदारी होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद मुरादाबाद को 22 लाख 65 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें आज लगभग 20 लाख वृक्षारोपण कर दिया गया है तथा अवशेष वृक्षारोपण 15 अगस्त से पूर्व करा लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि लक्ष्य से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाये। जनपद में 4 लाख फलदार पौध, 35 लाख इमारती लकडी आदि की पौध वन विभाग की नर्सरी में उपलब्ध है। सरकारी विभागों के साथ ही आम जन को जिन्हें पौधों की जरुरत थी फलदार एवं इमारती लकडी की पौध वृक्षारोपण हेतु नि:शुल्क उपलब्ध करायी गयी है। 03 वर्ष पूर्व जनपद मुरादाबाद सबसे प्रदूषित शहरों में था सरकार के प्रयास से मुरादाबाद जनपद ने पूरे देश में वायु प्रदूषण को बेहतर करने में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि 42 किलोमीटर लम्बी आरिल नदी समाप्त हो गयी थी जिसका जीर्णोद्धार किया गया है और लोगों के जनसहयोग से 25 कि0मी0 आरिल नदी की खुदाई का कार्य किया जा चुका है, बाकी शेष कार्य तेजी चल रहा है। हमारा प्रयास है कि लक्ष्य को हर संभव पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा तथा शासन के निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इस अवसर पर नगर विधायक श्री रितेश गुप्ता, जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, महापौर श्री विनोद अग्रवाल, सदस्य विधान परिषद डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, डीएफओ श्री सूरज, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजपाल चैहान, महानगर अध्यक्ष भाजपा श्री धर्मेन्द्रनाथ मिश्रा, परियोजना निदेशक श्री सतीश प्रसाद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अजय के देश लौटने पर पुलिस कयासों में, नहीं मिल रही जानकारी

मुरादाबाद- जूली-अजय प्रकरण = बांग्लादेश या कहीं और होने से पुलिस का इनकार, टीम नहीं भेजी, मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगा कर लोकेशन ट्रेस करने की कोशिशजूली-अजय प्रकरण में पुलिस अब तक कयासों में है। अजय व उसके परिवार वालों का कहीं पता नहीं चला है। पुलिस साइबर सेल के माध्यम से उसके मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन जाने में जुटी है। लेकिन अभी तक कोई सटीक सूचना नहीं मिली है। अजय का परिवार भी किराये के घर पर ताला लगाकर लापता है। जिससे उसके जानने वालों में किसी अनहोनी की आशंका बढ़ रही है। एक साल पहले बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित गाजीपुर की जूली इस्लाम धर्म छोड़कर अजय के पास मुरादाबाद आई थी। इसके 15 दिन बाद जूली पहले अपने देश लौट गई थी। कुछ दिन बाद जूली फिर यहां आई और तीन माह पहले वह अजय को साथ लेकर बांग्लादेश चली गई। तभी से अजय बांग्लादेश में परेशान था। इस बीच गुरुवार को अजय के भारत लौटने का दावा किया गया। इसके अलावा अजय की मां के व्हाट्सऐप पर उसकी खून से लथपथ फोटो आने के बाद परिवार और पुलिस में बेचैनी बढ़ गई। लेकिन पुलिस अजय के बारे में कोई जानकारी नहीं जुटा पाई। अजय की वर्तमान लोकेशन नहीं मिल पा रही है। उधर, अजय के परिजन किराये के मकान में ताला लगाकर दो दिन से गायब हैं। उसकी मां सुनीता का मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है। मां, बहन-भाई व पिता के बारे में पुलिस कुछ बता नहीं रही है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया का कहना है कि अजय व उसके परिवार वालों के बारे में कोई सूचना नहीं है। न ही कोई टीम बांग्लादेश या कहीं और भेजी गई है। उसके मोबाइल नंबर को साइबर सेल के माध्यम से सर्विलांस पर लगाया गया है। जैसे ही कोई सूचना मिलेगी। उसके आधार पर कदम बढ़ाएंगे।

### अजय पश्चिम बंगाल पहुंचा या नहीं, कई तरह की चर्चाएं तेज

मुरादाबाद। बांग्लादेश निवासी प्रेम विवाहिता जूली के घर से निकले अजय को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। यहां बंद पड़े मकान के आसपास लोग अजय के बारे में बातें करते नजर आए। प्यार में धोखा व खूनी खेल की चर्चा भी हो रही है। इससे पहले अजय ने अपनी मां सुनिता को संदेश के जरिये बांग्लादेश से निकलने की सूचना दी थी। फिलहाल अजय पश्चिम बंगाल पहुंचा या कहीं और, इस बारे में अब कोई सूचना नहीं है।

# किसानों की समस्याएं नहीं हो रही कम, खो बैराज से रामगंगा नदी में छोड़ा गया 9,000 क्यूसेक पानी



मुरादाबाद- जिले में रामगंगा नदी के जलस्तर में शुक्रवार को 47 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई। गुरुवार को जहां जलस्तर 189.43 मीटर रहा तो शुक्रवार शाम छह बजे जलस्तर बढ़कर 189.91 मीटर हो गया। लेकिन रात में आठ बजे फिर रामगंगा का जलस्तर 189.90 मीटर दर्ज किया गया। हालांकि बाढ़ खंड के अधिकारियों का कहना है कि अभी बाढ़ का खतरा नहीं है, लेकिन किसानों की समस्याएं कम नहीं हो रही हैं। रामगंगा में खो बैराज 9 हजार 280 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पहाड़ी इलाकों में बारिश से वहां की नदियां उफान पर हैं। इसका असर मैदानी क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है। नदियों का जलस्तर कभी बढ़ रहा है तो कभी घट रहा है। नदी किनारे बसे लोगों को भी बाढ़ की चिंता सताती रहती है। नदियां का पानी घरों तक आने से लोगों की दुश्वारियां और बढ़ जाएंगी। महानगर में रामगंगा नदी किनारे बसे मोहल्ले बंगला गांव, जिगर कॉलोनी, नवाबपुरा, दसवां घाट के लोग सहमे रहते हैं। क्योंकि यहां के लोगों ने कई बार बाढ़ का दंश झेला है। बाढ़ खंड के सहायक अभियंता सुभाष चंद्रा ने बताया कि रामगंगा और गागन नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव चल रहा है। लेकिन अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है। इसके बावजूद भी सतर्कता बरती जा रही है।अभी तीन दिन बारिश के आसार-मुरादाबाद। शुक्रवार को हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अगले तीन दिन शनिवार, रविवार और सोमवार कोहल्की बारिश के आसार हैं। सावन के शुरुआत में रोज बारिश हुई। लेकिन बीते चार-पांच दिन में बारिश न होने से गर्मी बढ़ गई थी। शुक्रवार सुबह से ही चिलचिलाती धूप ने लोगों को परेशान कर दिया, लेकिन दोपहर को हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश में कांवड़िये भीगते हुए चल रहे थे। वहीं स्कूली बच्चे भी बारिश में भीगे।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़,पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# चोरी की घटना का सफल अनावरण, चोरी के आभूषण कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए व नकदी 8200 रुपए सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-थाना मिरहची पुलिस को मिली सफलता, करीब 03 दिन पूर्व थाना मिरहची क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण, चोरी के आभूषण कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए व नकदी 8200 रुपए सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार घटना का विवरण- दिनांक 19.07.2023 को वादी श्री दान सिंह पुत्र स्व श्री ऊदल सिंह निवासी जारथल थाना मिरहची एटा द्वारा थाना मिरहची पर इस आशय की सूचना दी गई कि वादी केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल मुख्यालय जिला रामपुर में सिपाही के पद पर कार्यरत है। वादी 20 दिन का अवकाश लेकर अपने गाँव जारथल आया हुआ था और अपनी बीमार पत्नी के इलाज के लिए उसे अपने साथ जनपद रामपुर ले गया। दिनांक 19.07.2023 को वादी को सूचना मिली कि गाँव जारथल में उसके मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा आभूषण व नगदी चोरी कर ली है।

इस सूचना पर थाना मिरहची पर मुअसं- 173 / 2023 धारा 380 457 भादवि पंजीकृत किया गया। घटना का अनावरण- दिनांक 22.07.2023 को थाना मिरहची पुलिस द्वारा उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों 1. बृजेश पुत्र भूपाल सिंह निवासी जारथल थाना मिरहची एटा 2. मोनू उर्फ सोमेश पुत्र दर्शन सिंह निवासी जिन्हैरा थाना मिरहची एटा 3. संतोष पुत्र मदन सिंह निवासी देवपुरा थाना मलावन एटा को मुखबिर की सूचना पर जिन्हैरा बाईपास तिराहे के पास से समय करीब 07.40 बजे 06 अंगूठी पीली धातु एक सोने की चैन पीली धातु एक जोडी पायल सफेद धातु एक करधनी सफेद धातु 8200 रूपये तथा वादी के आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा प्रकाश में आये अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किये जा रहे है। अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिन पर पूर्व में भी चोरी आदि के अभियोग पंजीकृत हैं। घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण में से 05 अभियुक्त वादी के गाँव के ही रहने वाले हैं, जिसके द्वारा वादी के गाँव से नौकरी पर जाने के दौरान रैकी कर अन्य सहअभियुक्तों की मदद से घटना कारित की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता- बृजेश पुत्र भूपाल सिंह निवासी जारथल थाना मिरहची एटा उम्र करीब 30 वर्ष मोनू उर्फ सोमेश पुत्र दर्शन सिंह निवासी जिन्हैरा थाना मिरहची एटा उम्र करीब 23 वर्ष संतोष पुत्र मदन सिंह निवासी देवपुरा थाना मलावन एटा उम्र करीब 36 वर्ष प्रकाश में आये अभियुक्तों का नाम व पता- अजय पुत्र महेश निवासी जारथल थाना मिरहची एटा विजय पुत्र महेश निवासी जारथल थाना मिरहची एटा ह्रदेश पुत्र गिरन्द सिंह निवासी जारथल थाना मिरहची एटा 4. विपिन पुत्र प्रेमपाल निवासी जारथल थाना मिरहची एटा बरामदगी -

दो अंगूठी पीली धातु 1 जोड़ी पायल सफेद धातु 3400 रुपए और वादी का आधार कार्ड ( अभियुक्त बृजेश से ) दो अंगूठी पीली धातु, एक चौन पीली धातु, एक करधनी सफेद धातु 3500 रुपये ( अभियुक्त मोनू से ) दो अंगूठी पीली धातु व 1300 रुपये ( अभियुक्त संतोष से ) अनावरण करने वाली टीम उ0नि0 श्री प्रेमपाल सिंह उ0नि0 अभिमन्यु शर्मा है0काश रोहताश का0 जतिन का0 आशीष कुमार

# कहासुनी के बाद महिला ने की खुदकुशी

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जैथरा। घर में कहासुनी के बाद महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के भाई ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना जैथरा के गांव दतौली निवासी किरण गुप्ता ( 38 ) पत्नी ह्रदेश गुप्ता ने गुरूवार रात को घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी मायकेवालों को लगी। मृतका के भाई नवलकिशोर गुप्ता निवासी कलान जिला शाहजहांपुर ने कॉल कर जैथरा पुलिस को सूचना दी। एसएचओ फूल चन्द ने बताया

कि पति-पत्नी में आपस में विवाद हुआ है। दस साल पहले शादी हुई है। 12 साल का बेटा, दस साल की बेटी कशिश है। महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



# मैडिकल कालेज में चिकित्सकों की लापरवाही से एक प्रसूता की मौत

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा मैडिकल कालेज में चिकित्सकों की लापरवाही से एक प्रसूता की मौत स्वास्थ्य कर्मियों पर जानबूझकर खून न चढाने का आरोप परिजनों ने लगाये स्वास्थ्य कर्मियों पर अवैध वसूली के आरोप रिटायर्ड फौजी सुरक्षा कर्मी मैडिकल कालेज पर परिजनों से अभद्रता का आरोप नया खेल मैडिकल कालेज एटा में सुरक्षा कर्मियों व स्वास्थ्य कर्मियों की मिलीभगत से चलता है वसूली का खेल आप्रेशन के बाद जच्चा की मौत बच्चा जीवित एटा जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र का है मामला।

# मेडिकल कालेज में पानी को भटक रहे मरीज-तीमारदार

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मरीज, तीमारदार, चिकित्सक, स्टाफ के लिए पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी के लिए मेडिकल कालेज परिसर में लगे आरओ प्लांट खराब पड़े हुए हैं। लंबे समय से खराब पड़े आरओ प्लांट ठीक कराने के लिए मेडिकल कालेज प्रशासन की ओर से आज तक प्रयास नहीं किए गए हैं। पानी के लिए परिसर में लगे हैंडपंप, पानी की टंकी भी खराब पड़ी हुई है, जिसकी वजह से इमरजेंसी, वार्ड में भर्ती मरीज, तीमारदारों को पीने का पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। मरीज मेडिकल कालेज परिसर के बाहर स्थित हैंडपंप से पानी लाकर पीने को विवश है। ड्यूटी पर आने वाले स्टाफ, चिकित्सक पीने के पानी की बोतल साथ लेकर आते हैं। एमसीएच विंग में पीने के पानी का संकट है। विंग के बाहर लगा वॉटर कूलर भी ठंडा पानी नहीं दे रहा है, विंग में आने वाले मरीज, तीमारदार बाहर से पानी लाकर पी रहे हैं।

# लोकसभा के चुनावों में जनता मोदी जी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार हैं केवल चुनावों का इंतजार है-ठाकुर राकेश कुमार सिंह



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सनौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह सिधौली वार्ड नंबर 5 मैं जनता से जनसंपर्क किया भाजपा की केंद्र सरकार को नववर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियां योजनाएं उसके बारे में जनता में जनसंपर्क किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने मोदी जी की सरकार को 9 वर्ष पूरे होने पर एवं उसकी उपलब्धियां योजनाएं बताने के साथ-साथ पुस्तकों का भी वितरण किया भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह को जनता ने बताया है ि

क जो भी योजना केंद्र सरकार की है उसका लाभ जनता को मिल रहा है उज्जवला गैस योजना हो शौचालय हो पीएम आवास हो चाहे महीने में दो बार आसन फ्री हो पूरी तरह से जनता को मिला है दो बार राशन महीने में फ्री वह भी योजना जनता को मिल रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति काफी उत्साह लोगों में नजर आया लोगों ने जमकर मोदी जी योगी जी के जिंदाबाद के नारे लगाए सन 2024 में लोकसभा के चुनावों के लिए क्षेत्र में जनता मोदी जी को प्रधानमंत्री पुणे बनाने के लिए तैयार है केवल चुनावों का इंतजार है

# पैरालीगल वालंटियर दवारा महिला समूह और संस्थाओ में विधिक जागृति शिविर का आयोजन किया गया

सत्यम शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वार महिला समूह और संस्थाओ में विधिक कार्यक्रम की जागृति विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार, जनपद नय्याधीश बरेली एवं सचिव श्री निर्दोश कुमार ( अपार जिला जज ) के दिशा निर्देश में पैरा लीगल वालंटियर द्वार संस्थानों में जाकर विधिक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है

विभिन्न योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। पैरा लीगल वालंटियर द्वार मिशन शक्ति, कन्या सुमंगला योजना, यूपी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं बालसंरक्षण के विषय मे कई संस्था एवं स्कूल/कॉलेज में जाकर इन योजना से अवगत कराया तथा इन योजनाओं को जिस प्रकार लाभवित करना है इसकी पूर्ण जानकारी दी। विधिक जागृत सिविर मे पी.एल.वी साधना कुमारी, सपना द्विवेदी, प्रभा, मिथलेश गंगवार, वंदना सिंह तथा स्कूल या कॉलेज के प्रधानाचार्य ने सहयोग किया।

# मा0 मंत्री जी द्वारा स्वयं ग्राम का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ का जायजा लिया गया

हारुन बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद मे मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0 शासन/ प्रभारी मंत्री जनपद फर्रूखाबाद श्री योगेन्द्र उपाध्याय, मा0 सांसद श्री मुकेश राजपूत, विधायक भोजपुर, जिलाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह द्वारा गंगा नदी की बाढ़ से प्रभावित ग्राम जंजाली नगला ब्लाक कमालगंज में बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की। मा0 मंत्री जी द्वारा स्वयं ग्राम का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ का जायजा लिया गया। इस दौरान मा0 मंत्री जी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोय। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ भागों में बाढ़ आयी है वहां की जनता भूखी ना रहे और उनको कोई समस्या ना हो इसकी चिन्ता मा0 मुख्यमंत्री जी ने की है। बाढ़ को तो कोई नहीं रोक सकता लेकिन बाढ़ के दुष्परिणामों को रोकने का पूरा प्रयास मा0 मंख्यमंत्री ने किया है। इसी के तहत आज ग्राम जंजाली नगला में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के तूफान में गंगा स्नान से बचे और पानी से दूर ही रहे ताकि कोई जनहानि ना हो। बाढ़ समाप्त होने के पश्चात गंगा नदी की भूमि पर अवैध अतिक्रमण/ निर्माण ना करें। इस अवसर पर मा0 जिलाध्यक्षा,पुलिस अधीक्षक ,अपर जिलाधिकारी,उप जिला धिकारीसदर, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी,एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# छात्र छात्राओं के साथ आयोजित गोष्ठी में यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए छात्र छात्राओं को किया गया





निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अपर पुलिस अधीक्षक ( अपराध ) एटा द्वारा छात्र छात्राओं के साथ आयोजित गोष्ठी में यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के क्रम में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक( अपराध ) श्री विनोद कुमार पांडे द्वारा, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हरचंदपुर कला एटा में आयोजित गोष्ठी में छात्र छात्राओं से संवाद स्थापित कर यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए सभी छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान एआरटीओ श्री सत्येंद्र कुमार एवं यातायात प्रभारी बचान सिंह शाक्य, मुख्य आरक्षी सर्वेश कुमार, होमगार्ड संतोष कुमार, होमगार्ड अभय पाल सिंह एवं चालक बनवारी लाल। डाइट प्रचार डॉ जितेंद्र सिंह डॉ राजीव भारती डॉ चिंतामणि वशिष्ठ अनिल परिहार व शरद एवं समाज सेवी दयानंद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# बेखौफ रंगबाजों ने जूस दुकानदार पर बोला जानलेवा हमला और चाकुओं से गोदा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच


